हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 19 सितंबर 2026

04 सरलता स्वर्ग-मोक्ष का सोपान है कुटिलता नर्क का द्वार...



07 शहर में जगह-जगह पर गणेश उत्सव की धूम, हो रहे सांस्कृतिक ...



राधौगढ़ | मुंगावली | आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय | ईसागढ़

समाचार संक्षेप

मालवा कॉलेज का बीकॉम द्वितीय वर्ष का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

चांचौड़ा। स्थानीय शिक्षण संस्थान मालवा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, बीनागंज के बीकॉम द्वितीय वर्ष का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। क्रांतिवीर तात्याटोपे विश्वविद्यालय, गुना द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्था का नाम रोशन किया। नियमित कक्षाओं में उपस्थिति एवं प्राध्यापकों के मार्गदर्शन के चलते विद्यार्थियों ने बेहतर परिणाम हासिल किए।परीक्षा परिणाम में हिमानी अहिरवार ने 81 प्रतिशत अंक प्राप्त कर महाविद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं आफरीन खान ने 79 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा पलक मीणा ने 77.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान अर्जित किया।विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर संस्था के चेयरमैन डॉ. प्रदीप सेन, संचालिका डॉ. मधु कृष्णानी, संचालक श्री आनंद मंगल तथा सहायक संचालक एवं प्राचार्य नितिन गोरकर ने सफल विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय के समस्त स्टाफ ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

'छात्रों की गूँज' कार्यक्रम को लेकर छात्र-छात्राओं से किया संवाद



चाचौड़ा। पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस नेता माननीय श्री जयवर्धन सिंह जी बाबा साहब के निर्देशानुसार आज युवक कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव सौरभ यादव ने बीनागंज में विभिन्न कोचिंग संस्थानों में पहुंचकर Gen Z छात्र-छात्राओं से संवाद किया गया। इस दौरान आगामी 19 सितंबर को इंदौर में आयोजित आदरणीय श्री राहुल गांधी जी के 'छात्रों की गूँज' कार्यक्रम की जानकारी छात्र-छात्राओं को दी गई तथा कार्यक्रम में सहभागिता के लिए रजिस्ट्रेशन करवाए गए।संवाद के दौरान छात्र-छात्राओं से शिक्षा, युवाओं से जुड़े विषयों एवं उनके विचारों पर भी चर्चा हुई। कार्यक्रम को लेकर युवा साथियों में उत्साह देखने को मिला और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रुचि दिखाई।इस अवसर पर सौरभ यादव ने कहा कि युवाओं की भागीदारी लोकतांत्रिक संवाद को मजबूत करती है।

भगवान लव-कुश की शोभायात्रा 20 सितंबर को

गुना। भगवान श्री लव-कुश जन्मोत्सव के अवसर पर कुशवाह समाज द्वारा 20 सितंबर को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा को लेकर समाजजनों में उत्साह का माहौल है। वार्ड क्रमांक 7 के प्रेमनाराण कुशवाह ने बताया कि शोभायात्रा सुबह 10 बजे श्री हनुमान मंदिर क्रमांक-7 कुशवाह नगर से प्रारंभ होगी। शोभायात्रा डीजे एवं बैंड के साथ निर्धारित नियमों का पालन करते हुए निकाली जाएगी। शोभायात्रा श्री हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर बंगला मोहल्ला पुराना पोस्ट ऑफिस सदर बाजार सुगन चौराहा जयस्तंभ चौराहा जगत लॉज मानस भवन रोड बोहरा मस्जिद रोड, अंबे चौक श्री हनुमंता मंदिर रोड पठार मोहल्ला होते हुए आसमानी माता मंदिर चौधरी मोहल्ला एवं मड़ई माता मंदिर पहुंचेगी।

भैंस ग्याबन कराने को लेकर विवाद दो लोगों ने की मारपीट

गुना। जिले के बमोरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अमरोद में भैंस ग्याबन कराने की बात को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया, जिसमें एक 50 वर्षीय व्यक्ति के साथ हंसिया और डंडे से मारपीट की गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शुक्रवार सुबह करीब 8:30 बजे अमरोद निवासी फरियादी लड्डू बघेल (50) के लडक़े के पड़ा से हांसली गांव के रोकेश और भूरसिंह भिलाला की भैंस टकरा गई। इसी बात को लेकर गांव के ही पुरुषोत्तम बघेल और उसके बेटे रोहित बघेल ने फरियादी के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी।

'गाड़ी में मत बैठिए, आप दोनों मेरी ड्यूटी पर हैं'

जनसुनवाई में सिंधिया ने अफसरों की गैरहाजिरी पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

चार दिवसीय दौरे के तीसरे दिन केंद्रीय संचार मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया का अब तक का सबसे कड़ा और आक्रामक रुख देखने को मिला। शुक्रवार को सर्किट हाउस में जनसुनवाई के दौरान फरियादियों की समस्याएं सुनते-सुनते सिंधिया का पारा अचानक उस वक्त चढ़ गया, जब संवेदनशील मोहन बारेला मामले में गुहार लगाने पहुंचे परिजनों की बात सुनने के लिए मौके पर जिम्मेदार अधिकारी ही मौजूद नहीं थे।

कलेक्टर को अपने पास न पाकर सिंधिया बेहद गुस्से में आ गए। उन्होंने तुरंत अफसरों को तलब करते हुए कड़े शब्दों में चेतावनी दी कि गाड़ी में मत बैठिए, आप दोनों मेरी ड्यूटी पर हैं। केंद्रीय मंत्री के इस तल्ख तेवर के बाद प्रशासनिक महकमे में हडक़ंप मच गया और आनन-फानन में अफसर मौके पर पहुंचे।

कलेक्टर कहां हैं? जल्दी बुलाओ...

घटनाक्रम के अनुसार, जनसुनवाई के दौरान मोहन बारेला प्रकरण से जुड़े



पीड़ित परिजन केंद्रीय मंत्री सिंधिया से न्याय की गुहार लगाने पहुंचे थे। सिंधिया परिजनों की आपबीती और दुर्घटना से जुड़े तथ्य बड़े ध्यान से सुन रहे थे। उन्होंने जब मामले के त्वरित निपटारे के लिए प्रशासनिक मुखिया को आवाज दी, तो पता चला कि गुना कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल और एसपी अपनी गाड़ियों में बैठे हुए हैं। यह सुनते ही सिंधिया का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने तल्ख लहजे में अधिकारियों की गैरहाजिरी पर सवाल उठाते हुए कहा— कलेक्टर कहां हैं? बुलाओ जल्दी... गाड़ी में मत बैठिए आप दोनों, मेरी ड्यूटी पर हैं। गाड़ी में से नहीं बुलाना पड़े आपको, समझे आप दोनों?

मोहन बारेला मामले की निष्पक्ष जांच के कड़े निर्देश

सिंधिया की इस फटकार के बाद मौके पर अधिकारियों की जवाबदेही को लेकर सख्त और स्पष्ट संदेश चला गया। इसके बाद केंद्रीय मंत्री ने प्रशासनिक अमले को तुरंत हरकत में लाते हुए मोहन बारेला मामले की बारीकियों की जानकारी ली। उन्होंने हादसे में शामिल वाहन, दुर्घटना की परिस्थितियों और अब तक हुई पुलिस कार्रवाई से जुड़े तमाम तथ्यों पर अधिकारियों से सीधे सवाल-जवाब किए। सिंधिया ने स्पष्ट निर्देश दिए कि पूरे मामले की निष्पक्ष और गहराई से जांच की जाए, ताकि वास्तविक स्थिति सामने आ सके और पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द न्याय मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी कि जनता से जुड़े संवेदनशील मुद्दों पर कोई भी ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

पहले पत्रकारों को कुर्सी ऑफर, अफसरों की क्लास

एक दिन पहले ही गुना की थीम रोड और विकास योजनाओं को कागजों में सिमटी बताने वाली मीडिया खबरों पर ज्योतिरादित्य सिंधिया का चुटीला अंदाज देखने को मिला था। पत्रकारों पर तंज कसते हुए सिंधिया ने कहा था, पत्रकार भाइयों को बड़ी जल्दी होती है आर्टिकल लिखने की। लिख देते हैं कि योजना कागजों में सिमट गई। कभी हमारी कुर्सी पर आकर बैठो, तब पता चलेगा कि योजना बनाने और उसे जमीन पर उतारने में कितना पापड़ बेलना पड़ता है। जैसे पुलाव एक सेकंड में नहीं पकता, वैसे ही विकास रातों-रात नहीं होता। थोड़ा संयम रखो, जब तक ज्योतिरादित्य सिंधिया है, कोई भी योजना कागजों में नहीं सिमटेगी। इस दौरान उन्होंने 30.47 करोड़ की लागत से बनने वाले 7 किलोमीटर लंबे थीम रोड का भूमिपूजन भी किया था।

हनुमान चौराहा स्थित पुलिस पेट्रोल पंप पर अक्सर गहराता है ईंधन संकट

◆ परेशान हो रहे आम वाहन चालक



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर के सबसे व्यस्ततम हनुमान चौराहा स्थित पुलिस पेट्रोल पंप पर आए दिन पेट्रोल-डीजल खत्म होने की समस्या से आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मुख्य चौराहे पर स्थित होने के कारण बड़ी संख्या में आम लोग इसी पंप के भरोसे पहुंचते हैं, लेकिन अक्सर अचानक पेट्रोल खत्म का बोर्ड देखकर उन्हें खाली हाथ निराश लौटना पड़ता है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि पंप पर ईंधन की आपूर्ति को लेकर अनिश्चितता बनी रहती है, जिससे आज ईंधन मिलता है तो अगले ही दिन पंप सूखा नजर आता है। वाहन में पेट्रोल खत्म होने की स्थिति में चालकों को अपनी गाडिय़ां पैदल खींचते हुए नानाखेड़ी या बस स्टैंड स्थित अन्य पंपों तक ले जानी पड़ती हैं, जिससे उन्हें सार्वजनिक रूप से काफी परेशानी और शर्मिंदगी झेलनी पड़ती है।

इस व्यवस्था से परेशान शहरवासियों ने पुलिस प्रशासन से समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है। नागरिकों का कहना है कि यदि पंप पर आम जनता के लिए नियमित ईंधन उपलब्ध नहीं कराया जा सकता, तो इसे केवल पुलिस वाहनों तक सीमित कर दिया जाए या फिर आम नागरिकों के लिए पूरी तरह बंद घोषित कर दिया जाए। इससे लोग बेवजह इसके भरोसे आकर परेशान नहीं होंगे।

वहीं यदि यह आम जनता के लिए संचालित है, तो यहां ईंधन की सतत और नियमित उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए ताकि वाहन चालकों को राहत मिल सके।

बच्चों के साथ नहाने गई 20 वर्षीय युवती की डूबने से मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले के मृगवास थाना क्षेत्र अंतर्गत शुक्रवार सुबह एक दुखद हादसे में 20 वर्षीय युवती की नदी में डूबने से अकाल मृत्यु हो गई। हादसा उस वक्त हुआ जब युवती स्थानीय बच्चों के साथ कपड़े धोने व नहाने के लिए अंडेरी नदी पर पहुंची थी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, आगर मालवा जिले के सुसनेर की मूल निवासी मीनाक्षी (20), पिता तोफान सिंह नाथ (कालबेलिया), अपने परिवार के साथ मृगवास में किराए के मकान में रहकर गुजर-बसर करती थी। शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे वह कस्बे के कुछ छोटे बच्चों के साथ पास ही बहती अंडेरी नदी पर गई थी। नहाने के दौरान अचानक मीनाक्षी का संतुलन बिगड़ा और वह नदी के गहरे पानी में समा गई। उसके साथ मौजूद बच्चों के शोर मचाने पर आसपास के लोग एकत्रित हुए, लेकिन तब तक युवती पानी में पूरी तरह डूब चुकी थी। घटना की खबर मिलते ही मृगवास थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद युवती के शव को जलधारा से बाहर निकाला गया। इसके बाद पुलिस ने पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए कुंभराज शासकीय अस्पताल भिजवाया।

कर्ज और प्रताड़ना से तंग आकर युवक ने खाया जहर

जमीन बेचने के बाद भी परेशान करने का तीन लोगों पर लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

लेनदेन और लगातार मिल रही धमकियों से तंग आकर धरनावदा थाना क्षेत्र के झागर गांव निवासी 35 वर्षीय हेमराज किरार ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों के अनुसार, पीड़ित ने झागर पुलिस चौकी में ही जहर खाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। शुक्रवार को जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। मृतक अपने पीछे पत्नी और एक बच्चे को छोड़ गया है।

मृतक के परिजनों ने बताया कि हेमराज ने अपना पूरा कर्ज चुकाने



के लिए जमीन भी बेच दी थी। इसके बावजूद कुछ लोग उसे लगातार प्रताड़ित कर रहे थे और घर खाली कराने की धमकियां दे रहे थे। परिजनों का आरोप है कि पूर्व में भी आरोपियों ने मंदिर के सामने हेमराज के साथ बेरहमी से मारपीट की थी, जिसकी पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हुई थी। पीड़ित ने कई बार पुलिस से न्याय की गुहार लगाई, लेकिन कार्रवाई करने के बजाय उल्टा उसे ही थाने में बंद कर धमकाया जाता था।

सुसाइड नोट में छलका युवक का दर्द

मौके से मिले सुसाइड नोट और पूर्व में दिए गए आवेदन में हेमराज ने वि_ल किरार, उसके बेटे गोलू और रूफ पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सुसाइड नोट के मुताबिक, आरोपियों ने उस पर झूठे आरोप लगाए और जहर खाने के लिए मजबूर किया। हेमराज ने स्पष्ट लिखा कि मेरी मौत के जिम्मेदार ये तीनों लोग ही हैं। कई बार पुलिस को दिए आवेदनों में हेमराज ने जान का खतरा बताते हुए कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन सुनवाई न होने से हताश होकर उसने यह आत्मघाती कदम उठा लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, वहीं घटना के बाद से क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है।

जमीन के हिस्से को लेकर पारिवारिक विवाद, पिता, भाई और बहनोई ने दंपत्ति व मासूम बेटी को पीटा

गुना। जिले के धरनावदा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गोलाखेड़ी में पुरानी रंजिश और जमीन में हिस्सा मांगने की बात को लेकर एक ही परिवार के लोगों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। पिता, भाई और बहनोई ने मिलकर एक युवक, उसकी पत्नी और मासूम बेटी पर डंडों से हमला कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत रात करीब 8:30 बजे भगवानलाल अहिरवार (35) अपने घर के बाहर बैठे थे। तभी उनके पिता बाबूलाल, भाई मनोज और बहनोई राजेंद्र अहिरवार आए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने भगवानलाल पर डंडों से हमला कर दिया। बचाव में आई पत्नी भूरीबाई और बेटी मुस्कान पर भी लाठियों से वार किए गए, जिससे दोनों के सिर में गंभीर चोटें आईं और खून बहने लगा। जाते-जाते आरोपियों ने हिस्सा मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। धरनावदा पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

सब्जी बेचकर लौट रहे दंपत्ति की बाइक को ऑटो ने मारी टक्कर

गुना। शहर के कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत अशोकनगर रोड पर मरघट शाला के पास एक अनियंत्रित ऑटो ने मोटरसाइकिल को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम गजनाई निवासी हिम्मत सिंह कुशवाह (45) अपनी पत्नी अनीता कुशवाह के साथ सब्जी बेचकर मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। इसी दौरान गुना की तरफ से आ रहे ऑटो एमपी 08-8716 के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी बाइक में पीछे से टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया।

सिविल अस्पताल आरोन में बीएमओ से अभद्रता और शासकीय कार्य में बाधा, दर्ज कराई एफआईआर

गुना। सिविल अस्पताल आरोन में पदस्थ खंड चिकित्सा अधिकारी (बीएमओ) डॉ. अविनाश रघुवंशी के साथ अभद्रता करने और शासकीय कार्य में बाधा डालने का मामला सामने आया है। बीएमओ की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अस्पताल में आउटसोर्स कंप्यूटर ऑपरेटर के रूप में कार्यरत अनिल वंशकार से जन्म-मृत्यु शाखा का कार्य हटाकर किसी अन्य कर्मचारी को सौंप दिया गया था। इसी बात से नाराज होकर 17 सितंबर की सुबह करीब 10:30 बजे अनिल का भाई सुनील वंशकार सिविल अस्पताल पहुंचा। उसने बीएमओ कक्ष के बाहर जमकर हंगामा किया, शासकीय कार्य प्रभावित किया और बीएमओ डॉ. रघुवंशी के साथ अश्लील गाली-गलौज की। हंगामे के दौरान आरोपी ने चिल्लाते हुए बीएमओ से सवाल किया कि उसके भाई की ड्यूटी क्यों बदली गई।

38 लाख की लागत से संवरा गुना प्रधान डाकघर, सिंधिया ने किया लोकार्पित

'डाक मित्र' ऐप के जरिए मिलेगा अब घर बैठे लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

केन्द्रीय संचार मंत्री सिंधिया द्वारा लोकार्पित सौंदर्यीकृत प्रधान डाकघर गुना में शहर के पत्रकार बंधुओं ने 18 सितम्बर को अधीक्षक डाकघर गुना ओपी चतुर्वेदी की उपस्थिति में अवलोकन किया। चतुर्वेदी ने पत्रकार बंधुओं को बताया की भारत सरकार के योजना तथा वास्तुकला विद्यालय नई दिल्ली द्वारा अभिकल्पित प्रधान डाकघर गुना में लगभग 38 लाख की लागत से यह उच्च-स्तरीय, नवीनीकरण, डाकघर का कार्य केन्द्रीय संचार मंत्री सिंधिया द्वारा संपन्न कराया गया है। भारत सरकार की डाकघर आधुनिकीकरण की महत्वाकांक्षी पहल के अंतर्गत स्कूल ऑफ प्लानिंग एण्ड आर्किटेक्चर नई दिल्ली के



डिजाइन संबंधी दिशा-निर्देशों के अनुरूप गुना प्रधान डाकघर के कायाकल्प का कार्य पूर्ण किया गया है। सौंदर्यीकृत प्रधान डाकघर का आधुनिक स्वरूप आमजन को डाक एवं वित्तीय सेवाएं अधिक सुविधाजनक, सुगम एवं बेहतर वातावरण में त्वरित गति से उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।'डाक सेवा' एवं 'डाक मित्र' ऐप के माध्यम से विभिन्न डाक सेवाओं का लाभ घर बैठे प्राप्त किया जा सकता है। इससे डाक सेवाएं अधिक सुगम, त्वरित एवं नागरिक-केंद्रित बन रही हैं। नवीनीकृत और आधुनिक प्रधान डाक घर में अब डिजिटल टोकन मशीन इंस्टाल की गयी है, जिसके द्वारा लोगो को लाइन में खड़े रहने और प्रतीक्षा करने की या किसी प्रकार की अव्यवस्था का सामना नहीं करना पड़ेगा। नई और सुन्दर बेंच पर बैठकर और राइटिंग लेज पर अपने फॉर्म इत्यादि की पूर्ति कर सकते हैं। काउंटर का स्वरुप भी बदल गया है जो काफी आकर्षक और मॉडर्न डिजाईन के अनुरूप है। ग्राहकों और कर्मचारियों के बीच होने वाले लेन देन, आर्टिकल के हस्तांतरण और संवाद इत्यादि के लिए ये काउंटर पहले की अपेक्षा काफी अनुकूल हैं। बेहतर लाइट और पहले की अपेक्षा पब्लिक हॉल को अब जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अधिक जगह दी गई है।एसपीए ब्रांडिंग के तहत प्रधान डाकघर गुना में काउंटर स्टाफ के पीछे एक फीचर वाल लगाई गयी है, जिसमे गुना शहर एवं आस पास के प्रमुख स्थानों जैसे बीस भुजा माता मंदिर, चम्पावती किला चाचौड़ा, एनएफएल विजयपुर ,टेकरी सरकार, गोपी कृष्ण सागर बाँध और बजरंगगढ़ किला का चित्रांकन करने के साथ साथ राजमाता सिंधिया पर जारी स्मारक डाक टिकिट और उसका विवरण भी प्रदर्शित किया गया है। फ्रंट वॉल भी परिवर्तित की गई हैं जिसमे लाल और सफ़ेद रंग के डाकघर के आकर्षक और आधुनिक स्वरुप दिया गया है।

बेलका तिराहे पर दो बाइकों की आमने-सामने भीषण भिड़ंत

दोनों चालक और महिला घायल, क्रॉस केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले के विजयपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलका तिराहे पर दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने से हुई जोरदार टक्कर में दोनों चालकों सहित एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने दोनों पक्षों की लिखित शिकायतों पर एक-दूसरे के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहली रिपोर्ट के अनुसार, पीलाघाटा निवासी फरियादी अजय राय ने बताया कि गत सुबह करीब 9:30 बजे उनका छोटा भाई राजेश राय बालाभेंट सब-स्टेशन ड्यूटी पर जा रहा था। तभी बेलका तिराहे पर स्कूटी एमपी 08-3478 के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसकी बाइक एमपी 08-4874 में सीधी टक्कर मार दी। हादसे में राजेश गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद गुना के एजेएस स्टार अस्पताल रेफर किया गया है। वहीं, दूसरी ओर खिरिया निवासी 63 वर्षीय हल्कू राम अहिरवार ने शिकायत दर्ज कराई कि वह अपनी पत्नी ग्यारसी बाई को स्कूटी से विजयपुर इलाज कराने ले जा रहे थे। बेलका तिराहे के पास मुड़ते समय सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक के चालक ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में दंपत्ति को चोटें आई हैं।

समाचार संक्षेप

परिवार नियोजन के नए साधन अंतरा सब-क्यूटेनियस इंजेक्शन पर हुआ कार्यक्रम



आरोन। सिविल अस्पताल आरोन के सभागार में परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत एएनएम एवं सीएचओ के लिए अंतरा सब-क्यूटेनियस इंजेक्शन को लेकर उन्मुखीकरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्यकर्मियों को इस परिवार नियोजन साधन के उपयोग, लाभार्थियों के फॉलोअप एवं रिकॉर्ड संधारण की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में डॉ. हिमांशी राजपूत ने बताया कि अंतरा सब-क्यूटेनियस इंजेक्शन, पूर्व में उपयोग किए जा रहे अंतरा इंट्रा-मस्कुलर इंजेक्शन के स्थान पर लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसमें पहले की तुलना में कम मात्रा का उपयोग होता है और यह प्रभावी परिवार नियोजन साधन है। दो बच्चों के बीच अंतराल रखने की इच्छुक महिलाएं अथवा नवविवाहित महिलाएं, जो फिलहाल गर्भधारण नहीं करना चाहती हैं, इसका उपयोग कर सकती हैं। इसे हर तीन माह के अंतराल पर लगाया जाता है। उन्होंने बताया कि स्तनपान कराने वाली महिलाओं को प्रसव के छह सप्ताह बाद तथा गर्भपात की स्थिति में इसे तुरंत लगाया जा सकता है। यह माला-एन, छाया, कॉपर-टी एवं कंडोम जैसे अन्य परिवार नियोजन साधनों के अतिरिक्त एक विकल्प है। इस अवसर पर बीएमओ ने स्वास्थ्यकर्मियों को अपने-अपने सेंटर पर अंतरा सब-क्यूटेनियस इंजेक्शन की सुविधा उपलब्ध कराने, लाभार्थियों का उचित रिकॉर्ड रखने, समय पर फॉलोअप करने तथा मासिक रिपोर्ट सावधानीपूर्वक भरने के निर्देश दिए। डॉ. मेघा गुप्ता, डिस्ट्रिक्ट फैसिलिटेटर, यूएनएफपीए ने प्रेजेंटेशन एवं वीडियो के माध्यम से प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया।

0 से 6 वर्ष तक के बच्चों के विकास एवं सरपंचों में नेतृत्व क्षमता विकसित करने पर दिया गया जोर



आरोन। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक दुबे, एवं जनपद सीईओ आरोन के सहयोग से जनपद पंचायत गुना में नींव कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित 10 ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं ग्राम सचिवों आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पिरामल फाउंडेशन जनपद आरोन के संयुक्त प्रयास से किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य पंचायत स्तर पर 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों के सर्वांगीण विकास, पोषण, स्वास्थ्य, प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा को मजबूत करने के साथ-साथ पंचायत प्रतिनिधियों की नेतृत्व क्षमता को विकसित करना रहा। प्रशिक्षण के दौरान पंचायत मैनेजमेंट यूनिट के गठन एवं उसकी भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई।

राघौगढ़ में उत्तम आर्जव धर्म पर मंगल प्रवचन

सरलता स्वर्ग-मोक्ष का सोपान है कुटिलता नर्क का द्वार: आचार्य श्रमण महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़



जैन धर्म के दस लक्षण महापर्व के पावन अवसर पर आज तीसरे दिन उत्तम आर्जव धर्म पर मंगल प्रवचन करते हुए आचार्य विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य, ओजस्वी वक्ता, बुंदेली महाकवि मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने कहा और आर्जव धर्म से हमें यह शिक्षा लेना चाहिए कि जीवन में हर क्षेत्र में राजनीतिक, सामाजिक, व्यापारिक क्षेत्र में मिथ्याचार, कुटिलता, छल-कपट का त्याग कर सरलता को ग्रहण करना चाहिए। आपने कहा आप ईमानदार हैं सदाचारी हैं एवं आपके व्यापार में अच्छा माल होगा तो ग्राहक आपके यहां ही आएंगे। वर्तमान में यह देखने में आ रहा है कि व्यक्ति हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए छल- कपट कर रहा है छल- कपट कर प्राप्त की सफलता स्थायी नहीं होती है। कर्म सिद्धांत है कि हमारे द्वारा किए गए कर्मों का फल हमें अवश्य मिलता है। मुनिराज ने कहा विपरीत परिस्थितियों में अपने परिणामों को साधना ही सच्ची साधना है। जीवन में अनुकूलता में तो को सभी पूछते है। अनुकूलता में तो कुत्ता भी आपके आगे पीछे पूछ लाता है।प्रतिकूलता में अपने भी मुंह मोड़ लेते हैं। अनुकूलता एवं प्रतिकूलता में सरल भाव रखना ही उत्तम आर्जव धर्म का पावन संदेश है। मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने धर्म सभा में कहा वर्तमान पंचम काल दुखों से भरा हुआ है। इस काल में हमारा जन्म भारत देश में, जैन कुल में हुआ है। जैन धर्म का अहिंसा का संदेश भगवान महावीर का पवन संदेश जियो और जीने दो अपनाने का अवसर मिला है। हमे इस सदी के महान संत आचार्य विद्यासागर जी जैसे मुनिराज नग्न दिगंबर भेष में मिले। यह सब अनुकूलता ही हमारे पूर्व जन्म के अच्छे कर्मों का पूर्ण फल है। दस लक्षण पर्व के पावन अवसर पर प्रतिदिन प्राप्त 7 बजे भगवान का अभिषेक एवं शांति धारा होती है। शांति धारा का वाचन मुनि ओंकार सागर जी महाराज के श्री मुख से होता है। आज शांति धारा के पुण्यार्जक परिवार विनय कुमार वासु कुमार,संतोष कुमार अभिनव कुमार परिवार, रमेश चंद मनीष कुमार आमल्या परिवार, विनय कुमार आकाश कुमार बिल्डिंग मटेरियल परिवार रहे। दोपहर में मुनि संघ के पावन सानिध्य में जैन समाज की दस महिलाओं ने जैन ग्रंथ तत्वार्थ सूत्र के सभी दस अध्यायों को कंठस्थ कर सुनाया।

शिव टेकरी पर नगर परिषद द्वारा सामूहिक दीप प्रज्वलन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंभराज

भाजपा कुंभराज मंडल में प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत मंडल के विभिन्न बूथों सहित पावन शिव टेकरी पर मंडल कुंभराज एवं नगर परिषद द्वारा भव्य सामूहिक दीप प्रज्वलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मंडल के वरिष्ठ नेतागण, पदाधिकारीगण, ऊर्जावान कार्यकर्ताओं एवं समस्त क्षेत्रवासियों ने श्रद्धाभाव एवं उत्साह के साथ दीप प्रज्वलित कर प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, सुदीर्घ जीवन एवं राष्ट्रसेवा के अनवरत संकल्प की मंगलकामना की। इस अवसर पर मातृशक्ति द्वारा सुंदर रंगोली सजाकर प्रधानमंत्री को जन्मदिवस की शुभकामनाएँ दी गईं। रंगोली के माध्यम से उनके प्रति स्नेह, आस्था एवं राष्ट्रसेवा के प्रति सम्मान की सुंदर अभिव्यक्ति देखने को मिली। दीपों की जगमगाहट से शिव टेकरी का प्रांगण जन-जन के स्नेह, आस्था एवं शुभकामनाओं से आलोकित हो उठा। कार्यक्रम में सहभागिता करने वाले सभी वरिष्ठजनों, जनप्रतिनिधिगण, पदाधिकारीगण, कार्यकर्ताओं एवं देवतुल्य नगरवासियों तथा क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया गया।

ओझा समाज ने भगवान विश्वकर्मा जयंती पर निकाला भव्य चल समारोह




हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन

भगवान विश्वकर्मा जयंती के पावन अवसर पर गुरुवार को आरोन नगर में ओझा समाज द्वारा भव्य चल समारोह एवं शोभायात्रा निकाली गई। भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना के बाद निकले इस चल समारोह में समाज के लोगों ने उत्साह और श्रद्धाभाव के साथ सहभागिता की। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए।चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकला। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर नागरिकों एवं सामाजिक संगठनों द्वारा शोभायात्रा का पुष्पवर्षा एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। भगवान विश्वकर्मा के जयकारों से नगर का वातावरण भक्तिमय हो उठा।इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं राघोगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह भी समारोह में सम्मिलित हुए और समाजजनों को भगवान विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएं दीं। उनके पहुंचने पर समाजजनों एवं उपस्थित लोगों ने उनका स्वागत किया।शोभायात्रा में भगवान विश्वकर्मा की आकर्षक झांकी एवं सुसज्जित वाहन विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। समाज के युवाओं, महिलाओं एवं वरिष्ठजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जगह-जगह स्वागत के दौरान श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण भी किया गया।

प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर रामटेकरी में दीपोत्सव सभी ने किया हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ चाचौड़ा




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में सेवा संकल्प अभियान के तहत चल रहे सेवा पखवाड़े के प्रथम दिवस 17 सितंबर को ग्राम पंचायत देदला स्थित रामटेकरी में दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।कार्यक्रम में सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इसके बाद दीप प्रज्ज्वलित कर आतिशबाजी एवं मिठाई वितरण के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन हर्षोल्लास से मनाया गया।

उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री के दीर्घायु एवं देश के विकास की कामना की।कार्यक्रम में भाजपा विधायक प्रियंका पेची, जिला मंत्री कुसुमलता कुशवाह, मंडल अध्यक्ष प्रद्युम्न मीना, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश खंडेलवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष महामंत्री प्रदीप नाटानी, पूर्व मंडल अध्यक्ष ज्योति स्वरूप शर्मा, शोभाग्यमल पालीवाल, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष मंत्री रामनिवास मीना, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष उपाध्यक्ष गोपाल मीना, मंडल महामंत्री शानू खटीक, गौरव चौकसे सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।इसके अलावा तहसीलदार मयंक खेमरिया, जनपद सीईओ संजीत श्रीवास्तव, सरपंच प्रीतम मीना, सोनू शर्मा सरपंच बटाबदा, मंडल उपाध्यक्ष अजय पारीख, एल्डरमैन हरिचरण विश्वकर्मा, राजेश्वरी गुलाब सिंह जादौन, बाबू माली, सूरज पालीवाल, सोशल मीडिया प्रभारी किसान मोर्चा सुरेश सुमन, गोपाल लोधा, शारदा संतोष लोधा, बहादुर मीना, महेंद्र सिंह राजपूत जयसिंहपुरा, निरंजन सोनी, हर्ष प्रताप सिंह राजपूत, पंकज साहू, राहुल शिल्पकार, गोविंद सितारा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कपट को छोड़ सरल होने का प्रयास अपने जीवन में करें: मुनिश्री निरंजन सागर जी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



पर्युषण महापर्व के तृतीय दिवस उत्तम आर्जव धर्म पर मुनि श्री निरंजन सागर जी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी कपट को छोड़ सरल होने का एक ऐसा प्रयास अपने जीवन में करेंगे, जिससे हम सीधे सिद्धगति की प्राप्ति कर सकें। आर्जव का अर्थ सरलता है और सरलता के मायने मन, वचन, काय की एकता है। सरलता के मायने हैं ईमानदारी, स्पष्टवादिता, उन्मुक्त हृदय होना, सादगी, भोलापन, संवेदनशील, सहृदय, निष्कपट।

उन्होंने कहा कि मन में जो विचार आया हो उसे वचन से कहा जाये और जो वचन से कहा जाय उसी के अनुसार कार्य की प्रवृत्ति की जाय और जब मन, वचन, काय की प्रवृत्ति में विषमता आ जाती है, तब माया कहलाने लगती है। आज तक किसी भी संसारी प्राणी ने इस माया के कारण कुछ नहीं पाया है। जब तक काया है, तब तक माया की छत्र छाया है। यह माया बाँस की जड़, मेढ़े के सींग, गोमूत्र और खुरपी के समान माया चार प्रकार की होती है। यह चारों प्रकार की माया दुखदायी है। मायाचारी मनुष्य का कोई विश्वास नहीं रखता और विश्वास के न होने से उसे जीवन भर कष्ट उठाना पड़ता है। जहाँ पर स्व स्वभाव रूप परिणमन है वहाँ पर कपटमय व्यवहार नहीं है और जहाँ कपट व्यवहार है वहाँ स्व स्वभाव परिणमन नहीं है। इसे ही विकार कहते हैं, विभाव कहते हैं। जैसे साँप लहराता हुआ चलता है पर वह जब अपने बिल में घुसने लगता है तब उसे सीधा ही चलना पड़ता है।

इसी प्रकार मनुष्य जब निज स्वरूप में लीन होना चाहता है तब उसे सरल सीधा व्यवहार ही करना पड़ता है। जीवन में उलझने दिखावे और आडम्बर की वजह से हैं। कृत्रिमता का कारण है - हम अपने को वैसा दिखाना चाहते हैं जैसे हम हैं नहीं। माया में ढोंग से और सरलता में ढंग से जिया जाता है। आँखों से गिरा आँसू और नजरों से गिरा व्यक्ति कभी उठ नहीं पाता है अतः मायाचारी करके किसी की नजरों से गिरना नहीं चाहिए।

धूमधाम से मनाया भगवान श्री विश्वकर्मा जन्मोत्सव



पिपरई। भगवान श्री विश्वकर्मा जी का जन्मोत्सव गुरुवार को मंडी गेट के पास पिपरई में बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। आयोजन में विश्वकर्मा समाज के बंधुओं के साथ-साथ अन्य समाजों के वरिष्ठजन एवं गणमान्य नागरिक भी शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री विश्वकर्मा जी की भव्य झांकी सजाकर किया गया। इसके बाद दीप प्रज्वलित कर भगवान विश्वकर्मा जी का विधि-विधान से पूजन एवं माल्यार्पण किया गया। पूजन-अर्चन की प्रक्रिया अरुण शास्त्री ने विश्वकर्मा महासभा जिला अध्यक्ष तुलसीराम विश्वकर्मा के द्वारा संपन्न कराई गई। पूजन के पश्चात सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इसके बाद भजन संध्या में संगीत मंडली द्वारा भगवान श्री विश्वकर्मा जी के भजनों की शानदार प्रस्तुतियां दी गईं। भजनों पर श्रद्धालु भक्तिभाव में नजर आए और पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम के समापन पर भगवान श्री विश्वकर्मा जी की मंगल आरती की गई। इसके बाद श्रद्धालुओं एवं अतिथियों को प्रसाद वितरित किया गया तथा सुलपाहार की व्यवस्था भी की गई। आयोजन के अंत में रनवीर विश्वकर्मा ने कार्यक्रम में पधारे सभी वरिष्ठजनों, अतिथियों, समाज बंधुओं एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

ग्राम ककराई में स्कूल जर्जर हालत में मिला

अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर के पश्चात जनपद पंचायत अशोक नगर के ग्राम ककराई मजरा टोला सड़क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ग्राम वासियों द्वारा पीरोठ जाने वाली कच्ची सड़क का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में जोड़ा जाए। साथ ही उन्होंने खराब हैण्डपम्प को ठीक करने एवं हितग्राहियों के नाम शौचालय की सूची में नाम जोड़े जाने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन द्वारा प्रेम नगर प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्कूल की छत जर्जर पाए जाने पर मरम्मत किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला शिक्षा केंद्र के संबंधित इंजीनियर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

असुरक्षित तरीके से सामग्री परिवहन करने वाले वाहनों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



यातायात प्रभारी अजीत सिंह नरवरिया के नेतृत्व में यातायात पुलिस बल द्वारा ऐसे वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही है, जिनमें लोहे की चादर, सरिया, पाइप एवं अन्य लंबी सामग्री को वाहन की निर्धारित क्षमता एवं सुरक्षित सीमा से बाहर निकालकर परिवहन किया जाता है। यातायात पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान ऐसे वाहन पाए गए, जिनमें लोहे की चादरें एवं अन्य सामग्री वाहन के पीछे तथा दोनों ओर काफी दूरी तक बाहर निकली हुई थीं। कुछ ऑटो में वाहन की बॉडी से अत्यधिक बाहर तक लोहे के सरिया एवं अन्य सामग्री रखकर परिवहन किया जा रहा था। ऐसी स्थिति में बाहर निकली हुई कठोर एवं लंबी सामग्री सड़क पर चलने वाले दोपहिया वाहन चालकों, पैदल यात्रियों तथा अन्य वाहन चालकों के लिए गंभीर खतरा बन सकती है। विशेष रूप से पीछे से आने वाले दोपहिया वाहन चालक यदि ऐसी सामग्री से टकराते हैं तो गंभीर चोट अथवा जानलेवा दुर्घटना की आशंका उत्पन्न हो सकती है। अशोकनगर यातायात पुलिस द्वारा ऐसे वाहनों को रोककर वाहन एवं चालक के दस्तावेजों की जांच की गई तथा नियमों के उल्लंघन पर नियमानुसार कार्रवाई की गई। विगत दिनों में 14 वाहन चालकों के विरुद्ध 8,500 की चालानी कार्रवाई की गई, जबकि दिनांक 18.09.2026 को कुल 30 वाहन चालकों के विरुद्ध 15,800 की चालानी कार्रवाई की गई।

अस्पताल से तहसीलदार निवास तक सड़क पर भरा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंदेरी



नगर में अस्पताल से लेकर तहसीलदार निवास तक जाने वाली सड़क पर इन दिनों पानी भरा होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क के बीचों-बीच पानी जमा होने के कारण पैदल निकलने वाले लोगों को काफी दिक्कत हो रही है। इसी मार्ग पर गणपति बप्पा की झांकी भी स्थापित की गई है, जहां प्रतिदिन आरती के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। पानी भरा होने के कारण श्रद्धालुओं को झांकी तक पहुंचने और आरती में खड़े होने में परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क पर पानी निकासी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के कारण बारिश का पानी कई दिनों तक जमा रहता है। इससे सड़क से गुजरने वाले स्कूली छात्र-छात्राओं को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। सुबह स्कूल जाने और छुट्टी के समय बच्चों को पानी से होकर निकलना पड़ता है। सबसे ज्यादा परेशानी अस्पताल आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को हो रही है। अस्पताल जाने के लिए इसी मार्ग का उपयोग करने वाले लोगों को सड़क पर जमा पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। दोपहिया वाहन चालकों को भी पानी के कारण सड़क पर गड्ढे दिखाई नहीं देने से परेशानी हो रही है।

डॉ अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने की मांग

पिपरई। ग्राम बरखेड़ा के समस्त अहिरवार समाज के महिला एवं पुरुषों ने डॉ. बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को वार्ड क्रमांक 15 स्थित सर्वे नंबर 355 की भूमि पर स्थापित किए जाने की मांग को लेकर तहसीलदार पिपरई एवं नगर परिषद सीएमओ को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि वार्ड क्रमांक 15, ग्राम बरखेड़ा, तहसील पिपरई में सर्वे नंबर 355 में खाली भूमि स्थित है। समाज एवं ग्रामवासियों का कहना है कि उक्त भूमि पर डॉ. बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित कर पार्क का निर्माण किया जाए। ज्ञापन के अनुसार, इस संबंध में ग्रामवासियों की सहमति है और उन्हें उक्त स्थान पर प्रतिमा एवं पार्क बनाए जाने से कोई आपत्ति नहीं है। समाजजनों ने बताया कि उक्त भूमि को डॉ. अंबेडकर पार्क निर्माण के लिए आवंटित कराने की मांग को लेकर पूर्व में भी नगर परिषद पिपरई, तहसीलदार पिपरई, अनुविभागीय अधिकारी तथा कलेक्टर अशोकनगर को आवेदन दिए जा चुके हैं। उनका कहना है कि अब तक इस संबंध में अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई है।

'योग से तनाव और चिंता कम होती है ऊर्जा में वृद्धि होती है'



हरिभूमि न्यूज ⏭ चंदेरी

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थय अधिकारी डॉ. अलका त्रिवेदी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय योग दिवस पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर अर्रोन पर योग एवं ध्यान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच राजेन्द्र यादव ने कीं आज के अवसर पर शासकीय हाई स्कूल अर्रोन के प्राचार्य सगीर मोहम्मद अंसारी ने योग एवं ध्यान के महत्व को बताया कि योग से तनाव और चिंता कम होती है ऊर्जा स्तर में वृद्धि होती है नींद की गुणवत्ता में सुधार, बेहतर एकाग्रता और स्पष्टता, भावनात्मक संतुलन और इम्युनिटी पॉवर साथ ही योग से हमेशा शरीर निरोग रहता है मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थय अधिकारी डा. अलका त्रिवेदी के मार्गदर्शन में आयुष्मान अरोग्य मंदिर अर्रोन पर योग एवं ध्यान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक संजीव कुशवाह, शिवप्रताप सिंह नरवरिया इंजि कृष्णपाल यादव, एवं अभिषेक यादव ए.एन. एम पूजा वर्मन, रिंकी सिसोदिया सरवन सिंह कल्लू एवं प्रहलाद गजराज आदिवासी एवं ऋषभ कुशवाह आदि उपस्थित रहे।

ईसागढ़ में कक्षा 1 और 2 के शिक्षकों का 4 दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ ईसागढ़



विकासखंड ईसागढ़ के शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्राथमिक विद्यालयों की कक्षा 1 एवं 2 में अध्यापन कराने वाले शिक्षकों का चार दिवसीय एफ.एल.एन. प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हो गया है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं मध्यप्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग के निपुण भारत मिशन के अंतर्गत यह प्रशिक्षण 15 से 18 सितंबर तक आयोजित किया गया, जिसमें कुल 113 शिक्षकों को मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण की मुख्य विशेषताएं एवं उद्देश्य था कि गतिविधि-आधारित शिक्षण बुनियादी साक्षरता और संख्याज्ञान के अधिगम स्तर में सुधार लाने के लिए शिक्षकों को हिंदी, गणित और अंग्रेजी विषयों को आनंदमयी वातावरण, खेल-खिलौनों तथा व्यावहारिक गतिविधियों के माध्यम से पढ़ाने की तकनीकों से अवगत कराया गया। आधुनिक तकनीकों का समावेशरू नई शिक्षा नीति के अनुरूप बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए श्जादू का पिटाराश और शिक्षा के क्षेत्र में आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस के उपयोग जैसे आधुनिक विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। समापन के अवसर पर विकासखंड स्त्रोत समन्वयक राजकुमार रघुवंशी एवं प्रशिक्षण प्रभारी रामकुमार नामदेव विशेष रूप से उपस्थित रहे। बीआरसी रघुवंशी ने अपने संबोधन में प्रशिक्षण की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए शिक्षकों से आह्वान किया कि वे प्रशिक्षण में सीखी गई विधाओं को अपनी शालाओं में लागू कर बच्चों का भविष्य संवारें। उन्होंने कहाँ की चार दिवसीय प्रशिक्षण में टीम का सराहनीय योगदान रहा इस चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के सफल संचालन एवं आयोजन में मास्टर ट्रेनर सर्वश्री राजेन्द्र लोधी, नरेन्द्र कुमार शर्मा, नासिर अली, रतिराम जाटव, धर्मेंद्र रघुवंशी, दीपक शर्मा, प्रदीप शर्मा, रमेश प्रजापति, लल्लूराम, अख्तर खान और चंद्र कुमार लोधी का विशेष सहयोग रहा।

खबर संक्षेप

गणेश घाट पर सजा बप्पा का दरबार

अशोकनगर। बहादुरपुर कस्बे के प्रसिद्ध गणेश घाट पर इन दिनों गणपति जी की झांकी सजी हुई है। यह झांकी जिस मंदिर पर सजी है, वह रियासतकालीन गणेश मंदिर है। जो कि कैथन नदी के तट पर सैकड़ों वर्षों से बना हुआ है। यहां झांकी सजाने वाली गणेषोत्सव समिति के अध्यक्ष सौरभ शर्मा बताते हैं कि स्थानीय रहवासी करीब पच्चीस वर्षों से यहां स्थापना कराते रहे हैं, करीब पंद्रह वर्ष पूर्व शर्मा ने इसे व्यापक रूप देते हुए बारह सदस्यीय समिति का गठन किया। जिससे इस झांकी ने भव्यतम स्वरूप ले लिया है। यहां प्रतिदिन शाम को होने वाली आरती में श्रद्धालुओं की संख्या सैकड़ों में होती है। श्रद्धालु कैथन नदी में दीपदान भी करते हैं। झांकी की सजावट का दायरा केवल पांडाल तक सीमित नहीं है, मंदिर से 200-200 मीटर दूर तक आकर्षक विद्युत सज्जा की गई है, सड़क के दोनों ओर के मकानों को भी सजाया गया है। जिससे इस झांकी की छटा देखते ही बनती है।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कुन्दौरा निवासी लालू बंजारा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी गोलू यादव और गुल्ला यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मोहनपुर निवासी शिवदयाल लोहार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अशोक, रामसेवक और धारू ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम विक्रमपुर निवासी विक्रम आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी संजू पाल, गजराम, बलवीर, वीरन पाल ने कुल्हाड़ी से हमला कर उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

बिजली के तार गिरने से करंट लगने से मौत

अशोकनगर। जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत ग्राम गौधन निवासी चांदनी पुत्री रामस्वरूप कुशवाह उम्र 18 साल जब अपने घर में आंगन में थी तभी बिजली के तार गिरने से उसे करंट लग गया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

बिजली के तारों के संपर्क में आने से युवक की मौत

अशोकनगर। जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत ग्राम गोरा सेहराई निवासी अजयप्रताप पुत्र इन्द्रराज लोधी नहार सिंह के खेत के खलियान में जब कृषि कार्य हेतु थ्रेसर पर चढ़ा था उसी समय बिजली के तारों के संपर्क में आ गया जिससे करंट लगने से उसकी मौत हो गई। जिस पर से पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

बमनावर में महिलाओं ने राशन न मिलने पर सड़क पर जाम लगाया

अशोकनगर। ईसागढ तहसील के अंतर्गत ग्राम बमनावर की महिलाओं ने राशन न मिलने के विरोध में अशोकनगर ईसागढ मार्ग पर जाम लगाया। जिसकी जानकारी मिलने के बाद प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों का कहना है कि दुकान न समय पर खुल रही है न ही राशन मिल रहा है। इस दौरान बताया गया कि दुकान संचालक की तबीयत खराब होने के कारण दुकान नहीं खोली जा रही है, प्रशासन द्वारा राशन वितरण के प्रयास कराए गए।

तुलसी सरोवर में किशोरी का शव मिला

अशोकनगर। स्थानीय देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत शहर के बीचों बीच बहने वाले तुलसी सरोवर में शुक्रवार को एक किशोरी का शव पानी में अतराते हुए मिला। जिसकी जानकारी देहात थाना पुलिस को दी गई,जिसके बाद पुलिस ने मृतिका का शव तालाब के पानी से बाहर निकलवाया, किशोरी की उम्र 16 से 17 वर्ष थी, बाद में उसकी पहचान अशोकनगर की छैःघरा कॉलोनी निवासी नेहा पुत्री बबलू केवट के रूप में की गई है। देहात थाना प्रभारी पूनम सेलर ने बताया कि किशोरी कल दोपहर से घर से गई हुई थी, पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

आरती के साथ प्रतिभागियों को किया जा रहा है पुरस्कृत

शहर में जगह-जगह पर गणेश उत्सव की धूम, हो रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम





हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

अशोकनगर शहर में इन दिनों गणेश उत्सव का पर्व भक्ति भाव से मनाया जा रहा है, इस उत्सव को लेकर शहर में जगह जगह गणेश प्रतिमाएं सजी हैं और कई स्थानों पर सामुहिक आरती के आयोजनों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन आयोजन में बड़ी संख्या में प्रतिभागी भाग ले रहे हैं, यह उत्सव प्रतिदिन आयोजित हो रहे हैं। महिलाएं , पुरूष और बच्चे सहपरिवार इन कार्यक्रमों में शामिल हो रहे हैं।

महाराष्ट्र समाज गणेश उत्सव में पूजा थाली डेकोरेशन एवं चेयर रेस का आयोजन किया गया। पूजा थाली डेकोरेशन के प्रायोजक राजेंद्र सुर्वे एवं इसकी संयोजक वनिता सुर्वे और पल्लवी सर्वे थी। कार्यक्रम में लगभग 40 महिलाओं ने एवं 25 बच्चों ने भाग लिया और खूबसूरत थालियां पूजा की तैयार की जिन्हें देखते ही माहौल भक्ति में हो गया। कल शाम की आरती में गया प्रसाद कलाकार मंडल की रामलीला के रावण का किरदार निभाने वाले श्री प्रेमेंद्र जी शर्मा उपस्थित रहे उन्होंने बप्पा की आरती की। इसके बाद छोटे बच्चों की चेयर रेस का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने हंसी खुशी से भाग लेते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया इस चेयर रेस में आयुष जोशी प्रथम रहे।

बाल गणेश समिति ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया



सुभाषगंज में रामलीला के मंच पर बाल गणेश समिति द्वारा भगवान गणेश जी की झांकी लगाई गई है, बीती रात यहां फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 40 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। यह प्रतियोगिता 0 से 5 वर्ष, 5 से 10 वर्ष और 10 से 15 वर्ष के आयु वर्ग के लिए आयोजित की गई थी। इस फैसी ड्रेस प्रतियोगिता ने किसी ने शिवजी, किसी ने पार्वती, किसी ने मूषक के साथ लव-कुश, नील करोली बाबा, अंधा कानून, कान्हा, चार्ली चेपलिन, काली माता का रूप धारण किया। इस प्रतियोगिता में अशोक कुमार दिनेश कुमार अरोरा एवं मनोज सरगम की ओर से पुरूस्कार प्रदान किए गए, वैसे तो समिति द्वारा सभी प्रतिभागियों को पुरूस्कार दिए गए लेकिन विशेष पुरूस्कार भी प्रदान किए गए। 0 से 5 वर्ष की आयु के बच्चों में पहला पुरूस्कार पार्वती के लिए आयरा अरोरा, हनुमान जी के लिए द्वितीय पुरूस्कार विहान अग्रवाल और मूषक के लिए तृतीय पुरूस्कार आरबी अरोरा को प्रदान किया गया। 5 से 10 वर्ष की आयु के बच्चों में पहला पुरूस्कार अंधा कानूनू के लिए निशिका अग्रवाल, मीरा के लिए द्वितीय पुरूस्कार मौली अग्रवाल और श्रवणकुमार के रूप में तीसरा पुरूस्कार दक्ष अग्रवाल को प्रदान किया गया। 10 से 15 वर्ष की आयु के बच्चों में पहला पुरूस्कार आरूष और आकार बसंल को लव कुश के लिए द्वितीय पुरूस्कार, नीम करोली बाबा के लिए कन्हैया गुप्ता, और तृतीय पुरूस्कार पेपर डॉल के लिए मानवी गुप्ता को प्रदान किया गया।

दोपहर 12 बजे होगा नगर भ्रमण

राधा अष्टमी पर आज निकलेगी श्रीजी की भव्य पालकी यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

श्री राधा अष्टमी का पर्व शनिवार को शहर में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। श्री राधा रानी सेवा समिति द्वारा इस अवसर पर श्री जी की भव्य पालकी एवं शोभायात्रा निकाली जाएगी। यात्रा दोपहर 12 बजे श्री तार वाले बालाजी मंदिर से प्रारंभ होगी।

राधा अष्टमी उत्सव की शुरुआत शुक्रवार सुबह 9 बजे से ही हो गई। श्री तार वाले बालाजी मंदिर में श्री राधा रानी को विराजित कर उनके समक्ष संगीतमय श्री राधा नाम की अखंड धुन का जाप शुरू किया गया, जो शनिवार सुबह 9 बजे तक 24 घंटे लगातार चलेगा। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और राधा नाम की धुन में शामिल होकर भक्ति और संगीत का आनंद लिया।

अभिषेक के बाद निकलेगी शोभायात्रा

समिति के संचालक संजीव वीरू बोहरे ने बताया कि शनिवार सुबह श्री जी का अभिषेक किया जाएगा। अभिषेक के बाद दोपहर 12 बजे श्री जी नगर भ्रमण के लिए निकलेंगी। शोभायात्रा के दौरान शहर में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा श्री जी का स्वागत किया जाएगा तथा बधाइयां गाई जाएंगी। शोभायात्रा में प्रेमानंद जी महाराज के परिकर की झांकी, गोवर्धन पर्वत की झांकी, अष्ट सखियां और राधा-कृष्ण की झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। गांधी पार्क पर 216 गोपियों के रास की प्रस्तुति भी प्रस्तावित है।

बुंदेलखंड का प्रसिद्ध धमाल बैंड देगा प्रस्तुति

शोभायात्रा में बुंदेलखंड का प्रसिद्ध सागर का धमाल बैंड, उज्जैन के ढोल और अन्य कलाकार शामिल होंगे। अशोकनगर एवं आसपास रहने वाले ब्रज के संत भी इस धार्मिक आयोजन में शामिल होकर संगीतमय प्रस्तुतियां देंगे। पूरी शोभायात्रा श्री राधा नाम की संगीतमय धुन के साथ आगे बढ़ेगी। आयोजन में गोवर्धन पर्वत की विशेष झांकी भी तैयार की जा रही है।

साढ़े सात करोड़ की योजना में गुणवत्ता पर सवाल





हरिभूमि न्यूज ⏭ चंदेरी

करोड़ों रुपये की लागत से चल रही निर्माण योजना अब निर्माण की गुणवत्ता को लेकर विवादों में घिरती नजर आ रही है। करीब साढ़े सात करोड़ रुपये की योजना में कथित तौर पर घटिया निर्माण सामग्री का इस्तेमाल किए जाने के आरोप सामने आए हैं। स्थानीय लोगों और शिकायत कर्ताओं का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा निर्धारित गुणवत्ता मानकों की अनदेखी कर निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

मामले को लेकर सबसे बड़ा सवाल विभागीय निगरानी व्यवस्था पर उठ रहा है। आरोप है कि निर्माण कार्य के दौरान गुणवत्ता की नियमित जांच और तकनीकी निगरानी जिस गंभीरता से होनी चाहिए, वह नजर नहीं आ रही। शिकायत कर्ताओं ने ठेकेदार और संबंधित विभाग के कुछ जिम्मेदार लोगों के बीच कथित मिलीभगत की आशंका भी जताई है। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि अभी नहीं हुई है।

करोड़ों की योजना, फिर भी गुणवत्ता पर सवाल

सरकारी योजना में बड़ी धनराशि खर्च होने के बावजूद यदि निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठते हैं तो यह सीधे तौर पर संबंधित विभाग की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न लगाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण में इस्तेमाल हो रही सामग्री और कार्य की गुणवत्ता को किसी स्वतंत्र तकनीकी एजेंसी से जांच कराया जाना चाहिए, ताकि वास्तविक स्थिति सामने आ सके।

जिम्मेदारों ने साधी चुप्पी?

मामले में विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से निर्माण की गुणवत्ता और लगाए जा रहे आरोपों को लेकर स्पष्ट जवाब की अपेक्षा है। लेकिन शिकायत कर्ताओं का कहना है कि उन्हें संतोष जनक जानकारी नहीं मिल रही है। करोड़ों रुपये की योजना से जुड़े मामले में जिम्मेदार अधिकारियों का स्पष्ट पक्ष सामने नहीं आने से संदेह और गहरा रहा है। यदि निर्माण कार्य नियमानुसार और निर्धारित मापदंडों के अनुरूप हो रहा है तो विभाग को गुणवत्ता परीक्षण की रिपोर्ट, इस्तेमाल की गई सामग्री की जांच और तकनीकी निरीक्षण से संबंधित जानकारी सार्वजनिक कर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

समस्या आ रही

हमने निर्माण एजेंसी पर घटिया सामग्री उपयोग पर जुर्माना लगाया तथा भुगतान में राशि भी काटी गई है महीनों से इंजीनियर ना होने से भी समस्या आ रही है।

प्रदीप शर्मा मुख्य नगर पालिका अधिकारी

ग्वालियर संभाग के आयुक्त ककराई में आयोजित मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान शिविर में पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



शासन के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान 2026 के तहत जनपद पंचायत अशोकनगर की ग्राम पंचायत ककराई में मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आयुक्त ग्वालियर संभाग मनोज खत्री ने सहभागिता की।

कार्यक्रम में कलेक्टर साकेत मालवीय, पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा, पूर्व विधायक जजपाल सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, अपर कलेक्टर डीएन सिंह, एसडीएम इसरार खान,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत शैलेन्द्र सिंह यादव,जनपद सदस्य प्रियंका अहिरवार, सहित जन प्रतिनिधिगण, अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। शिविर में 238 आवेदन प्राप्त हुए। 63 आवेदनों का मौके पर निराकरण किया गया। शेष आवेदन के निराकरण की समय सीमा निर्धारित की गई।

शिविर में आयुक्त ग्वालियर संभाग मनोज खत्री ने कहा कि शासन द्वारा मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत प्रत्येक शुक्रवार को मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। शिविर में आवेदकों की समस्याओं का मौके पर हर संभव निराकरण कराया जाता है। शिविर का उद्देश्य है कि शासन की योजनाओं एवं सेवाएं का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जाए। जिससे पात्र हितग्राहियों को अधिक से अधिक योजनाओं से लाभान्वित हो सके।

शिविर में कलेक्टर साकेत मालवीय ने कहा कि मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर के माध्यम से आम जनता की शिकायतों का त्वरित निराकरण कर शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की मॉनीटरिंग और लोक सेवाओं का समय-सीमा में प्रदाय राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान अंतर्गत 4632 सीएम हेल्पलाइन में से 3471 शिकायतों का निराकरण किया जा चुका है। शेष 1161 शिकायतों के निराकरण हेतु कार्यवाही प्रचलित है। लोक सेवा में प्राप्त आवेदन 1215 में से 1215 आवेदन निराकृत आवेदन किये गये।

जन-विश्वास अभियान में लोक सेवा अंतर्गत जिला प्रथम स्थान होने पर अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने जनविश्वास अभियान अंतर्गत सीएम हेल्पलाईन में ब्लॉक 10वे स्थान जिला द्वितीय स्थान पर है। उन्होंने कहा कि स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन-2026 के तहत ग्रामीण आबादी को उनका अधिकार मिलेगा।

पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत आयोजित शिविरों को आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण कर योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है। उद्यम संवाद स्थापित किया गया एवं हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया गया।

विश्वकर्मा पूजन दिवस पर हुआ वरिष्ठ समाजसेवियों का सम्मान, भजन संध्या में रात भर झूमते रहे श्रोता



अशोकनगर। सृष्टि के सर्जनहार, देव शिल्पी, आदिदेव भगवान श्री विश्वकर्मा जी का पूजन उत्सव नई सराय कस्बे में ओझा समाज द्वारा धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान विशाल भंडारा और भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन संध्या शुक्रवार सुबह तक चलती रही। कार्यक्रम में भगवान श्री विश्वकर्मा जी की झांकी आकर्षण का केंद्र रही कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवियों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ओझा समाज के पदाधिकारियों द्वारा भगवान श्री विश्वकर्मा जी की विधि विधान से पूजन अर्चन के साथ की गई। इसके बाद आरती के साथ हुई। पूजन अर्चन और आरती के बाद मंच पर वरिष्ठ समाजसेवी रघुवीर ओझा, शिक्षक हरिराम ओझा, रमेश कुमार ओझा, लालजीराम ओझा, गोवर्धन ओझा, सरजू बाई, घनश्याम ओझा सीहोर, नई सराय सरपंच प्रतिनिधि रामेन्द्र सिंह, कालाबाग सरपंच प्रतिनिधि राजेश ओझा, शिक्षक समरथ लाल अमरौद, गुंथीलाल पौरूखेड़ी के अलावा आधा सैकड़ा से ज्यादा समाजसेवियों का माला और पट्टिका से सम्मान किया गया। सम्मान समारोह के बाद रात 10 बजे से भजन संध्या की शुरुआत हुई। भजन संध्या में बाहर से आए गायक कलाकार रिंकू ओझा, रामकृष्ण ओझा और 10 वर्षीय ढोलक मास्टर देव ओझा ने भजनों का ऐसा शमा बाँधा कि श्रोता खुद को झूमने से नहीं रोक पाए। भजन संध्या शुक्रवार सुबह तक चलती रही।

पिपरई, मुंगावली, सेहराई, सहित अनेक स्थानों पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन

आशीर्वाद का दिया के साथ हुआ सेवा संकल्प अभियान की शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





जिले भर में आशीर्वाद का दिया के साथ सेवा सकंल्प अभियान की शुरूआत की गई। एक माह तक चलने वाले इस आयोजन में 13 बिन्दुओं पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएगें, जिसकी शुरूआत प्रधानमंत्री के जन्म दिवस के मौके पर आशीर्वाद के दिए जलाकर की गई।

सेहराई महाविद्यालय में हुआ आयोजन

सेहराई महाविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें प्राचार्य डॉ अतुल गुप्ता ने जन प्रतिनिधिगण अम्बरीश बैश, नंदकिशोर मार्कन, रणबीर सिंह अभय कुमार सिंघई, अधिकारियों डॉ. अशोक कुमार शाक्य, समाजसेवियों, सामाजिक संगठनों, ग्रामीण जनों के साथ सम्पूर्ण महाविद्यालय परिवार ने सहभागिता कर सामूहिक दीप प्रज्वलवन कार्यक्रम में सम्मिलित होकर दीप जलाएं। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ अंजू सिहारे ने कहा कि 'सेवा संकल्प अभियान' में छात्र कल्याण और जनकल्याण को दृष्टिगत रखते हुए समाज में सेवा, सहयोग और जनभागीदारी की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से लगभग एक दर्जन कार्यक्रम और गतिविधियां महाविद्यालय एवं गोद ग्राम में आयोजित की जाएँगी। कार्यक्रम प्रभारी विनोद कुमार गौतम रहे। इस अवसर पर दो दर्जन से अधिक स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

आशीर्वाद का दीया', जगमगाया गणेश शंकर तालाब

मुंगावली। सेवा संकल्प अभियान के तहत गुरुवार को गणेश शंकर तालाब परिसर में शाम 6 बजे 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम आयोजित हुआ। विधायक राव बृजेन्द्र सिंह यादव की मौजूदगी में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने दीप प्रज्वलित किए। देखते ही देखते दीयों की रोशनी से तालाब परिसर जगमगा उठा।

कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगीत से हुई।



दीप प्रज्वलन के बाद स्कूली छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। छात्राओं की प्रस्तुतियों पर मौजूद लोगों ने तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया। परिसर में बनाई गई आकर्षक रंगोलियां भी कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहीं। यह रंगोलियां विकसित भारत संकल्प विजन को लेकर बनाई गई थी, वहीं एलईडी स्क्रीन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'आशीर्वाद स्टोरी' प्रदर्शित की गई। सेवा संकल्प अभियान के तहत हर बूथ पर प्रत्येक परिवार को दीप प्रज्वलित कर अभियान से जुड़ने का आह्वान किया गया था अभियान के संदेश के अनुसार प्रत्येक दीया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 25 वर्षों की जनसेवा के प्रति आभार और विकसित भारत- 2047 के सामूहिक संकल्प का प्रतीक रहा।

शाढ़ौरा में आशीर्वाद का दीया प्रज्वलित कर मनाया प्रधानमंत्री का जन्मदिन

शाढ़ौरा। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में शाढ़ौरा टेकरी सरकार प्रांगण में आशीर्वाद का दीया मंडल शाढ़ौरा एवं नगरपरिषद के द्वारा प्रज्वलित किया गया।

महाविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया

अशोकनगर। सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत, केंद्र सरकार के सफलतापूर्वक 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में, आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशन तथा जिला प्रशासन,कलेक्टर महोदय अशोकनगर के मार्गदर्शन में दिनांक 17 सितंबर को शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अशोकनगर में "आशीर्वाद का दीया" कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के मुख्य द्वार को पुष्प मालाओं से आकर्षक रूप से सजाया गया। महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा फूलों एवं चावल के आटे से पर्यावरण-अनुकूल रंगोली तैयार की गई तथा विद्यार्थियों के सहयोग से आटे के पर्यावरण-अनुकूल दीपक भी तैयार किए गए। सायं 6 बजे दीप प्रज्वलित कर "आशीर्वाद का दीया" कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

बजट, राजस्व वसूली, जलप्रदाय सहित निर्माण कार्यों की समीक्षा की

कलेक्टर ने खंगाली माचलपुर नगर परिषद की फाइलें, लेखाकार को किया सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ माचलपुर

खबर का असर

कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा ने नगर परिषद माचलपुर का निरीक्षण कर कार्यालयीन व्यवस्थाओं एवं विभिन्न शाखाओं के कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ. मिश्रा स्वयं लेखा शाखा पहुंचे और लेखा संबंधी कार्यों की जांच की। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने लेखाकार श्री राम नागर की आईडी से लॉगिन कर खातों एवं किए गए भुगतानों की जानकारी का परीक्षण करते हुए फाईलें खंगाी।

इस दौरान जिलाधीश ने समस्त बजट मदों की समीक्षा करते हुए प्रत्येक मद में स्वीकृत राशि, अब तक किए गए व्यय तथा शेष राशि की जानकारी ली। उन्होंने प्रत्येक मद में राशि का उपयोग किन कार्यों पर किया गया है तथा संबंधित व्यय के विरुद्ध आवश्यक अभिलेख एवं भुगतान प्रक्रिया पूर्ण है या नहीं, इसकी भी जानकारी ली। इस दौरान परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण साहू एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी माचलपुर श्री देवेंद्र वत्स उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान सहायक ग्रेड-1 श्री राम नागर कार्यालय में उपस्थित नहीं पाए गए। कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा उन्हें तत्काल उपस्थित होने के लिए बुलाया गया। इस दौरान कैशबुक को अलमारी में लॉक रखा पाया गया। शासकीय अभिलेखों एवं कैशबुक के संधारण में लापरवाही तथा बिना सूचना अनुपस्थित रहने को कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने गंभीर अनुशासनहीनता माना और श्रीनागर को मौके पर ही सस्पेंड कर दिया गया।



कार्यों की नियमित मॉनीटरिंग करने दिए निर्देश

इस दौरान दुकान निर्माण, अमृत 2.0 के अंतर्गत संचालित कार्य, डिस्ट्रीब्यूशन पाइपलाइन तथा उच्च स्तरीय जलाशय (ओएचटी) टैंक से संबंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई।

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति एवं निर्धारित समयसीमा के संबंध में आवश्यक जानकारी लेते हुए कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए।

जलप्रदाय व्यवस्था की भी विस्तार से हुई समीक्षा

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने जलप्रदाय शाखा की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारी से जलप्रदाय व्यवस्था में होने वाले कुल व्यय तथा जलकर से होने वाली वसूली की जानकारी मांगी। व्यय एवं वसूली के संबंध में अपेक्षित जानकारी प्रस्तुत नहीं किए जाने पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने जलप्रदाय शाखा के प्रभारी से स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही 17 दुकानों की नीलामी की ऑनलाइन प्रक्रिया की भी जांच की गई। जिन 4-5 दुकानदारों द्वारा भुगतान नहीं किया गया है, उन्हें नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

स्वच्छता व्यवस्था को लेकर सीएमओ पर जताई नाराजग

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने नगर की स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा करते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी माचलपुर पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने स्वच्छता कार्य में लगी दो वाहनों की कार्यप्रणाली की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि दोनों वाहनों की जीपीएस लोकेशन की नियमित मॉनिटरिंग की जाए।

गड्ढे भरे नहीं, स्पीड ब्रेकर पर लाखों का खेल? निरीक्षण में खुली नगर परिषद की पोल

नगर परिषद माचलपुर की कार्यप्रणाली की शुक्रवार को कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निरीक्षण में परतें खुलीं। लेखा शाखा में भुगतान और अभिलेखों की जांच के साथ नगर परिषद द्वारा खरीदे गए स्पीड ब्रेकर भी कलेक्टर के निशाने पर रहे। उन्होंने इंजीनियर श्री गोविंद से प्रत्येक ब्रेकर की लागत, कुल खरीद और प्रक्रिया का पूरा विवरण मांगा।नगर में सड़क की स्थिति और गड्ढों के बीच स्पीड ब्रेकर की खरीद को लेकर अब सवाल खड़े हो गए हैं। परिषद को बताना होगा कि कितने ब्रेकर खरीदे गए, किस दर पर खरीदे गए और कहां-कहां लगाए गए।

आरोपियों को पकड़ने गई थी टीम

राजगढ़ और खुजनेर पुलिस टीम पर हमला, एएसआई समेत 3 घायल



मामले में खुजनेर एवं राजगढ़ थाने में शासकीय कार्य में बाधा समेत अन्य धाराओं में दो अलग-अलग एफआईआर दर्ज की गई हैं।

हरिभूमि न्यूज. राजगढ़

घरेलू हिंसा के एक मामले में आरोपियों को पकड़ने गई राजगढ़ एवं खुजनेर पुलिस टीमों पर हमले का मामला सामने आया है। इस हमले में जहां एक सब-इन्सपेक्टर घायल हो गए वहीं तीन अन्य पुलिसकर्मियों को भी चोंटे आई हैं। मामले में खुजनेर एवं राजगढ़ थाने में शासकीय कार्य में बाधा समेत अन्य धाराओं में दो अलग-अलग एफआईआर दर्ज की गई हैं।

यह था पूरा मामला

दरअसल, गुरुवार को रात्रि खुजनेर क्षेत्र के घोघाखेड़ा में घरैलू हिंसा के आरोपियों को पकड़ने गई थी। इस दौरान पुलिस के साथ मारपीट हुई जिसमें सैनिक राहुल भिलाला घायल हुए और उनके साथ लूट का भी प्रयास हुआ। घटना के बाद आरोपी फरार हो गए। आरोपियों के भागने की जानकारी कोतवाली पुलिस को भी लगने पर एएसआई पुरुषोत्तम, आरक्षक ललित तोमर, श्याम रघुवंशी व अन्य तलाश में रवाना हुई और दो आरोपियों राकेश वर्मा व महेंद्र वर्मा को पकड़ लिया। इस दौरान अन्य आरोपी भी आ गए जो पकड़े गए लोगों को छुड़ाने के प्रयास कर रहे थे। इन आरोपियों ने एएसआई पर पत्थरों से हमला कर दिया वहीं एक एएसआई को दांतों से काटा गया।

इस दौरान पहले से पकड़े गए राकेश और महेंद्र ने भी अपने को छुड़ाते हुए पत्थरबाजी की। बाद में सभी आरोपी भागने लगे जिन्हें पुलिस ने पकड़ लिया। कोतवाली टीआई मंजू मखेनिया ने बताया कि आरोपियों में एक महिला समेत एक युवति शामिल है जिन पर विभिन्न धाराओ में मुकदमा दर्ज किया गया है।

प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर 3100 दीपों से जगमगाया कुरावर



हरिभूमि न्यूज. कुरावर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर शुक्रवार शाम कृषि उपज मंडी परिसर स्थित श्री केसरी नंदन हनुमान मंदिर में नगर परिषद, राजस्व विभाग एवं कृषि उपज मंडी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 'आशीर्वाद का दिया' एवं 'जनसंकल्प अभियान' आयोजित किया गया। इस दौरान करीब 3100 दीप प्रज्वलित कर प्रधानमंत्री मोदी के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की गई। दीप प्रज्वलन की शुरुआत क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा ने की।

जनसेवा को बनाया जीवन का संकल्प

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2001 में गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में जनसेवा की शुरुआत की और वर्ष 2014 में देश के प्रधानमंत्री बनने के बाद अपने जनसेवा के संकल्प को आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने गरीब वर्ग के उत्थान के साथ किसान, छात्र, व्यापारी सहित समाज के विभिन्न वर्गों के लिए विकास कार्यों को प्राथमिकता दी है।मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में दीप प्रज्वलित किए गए। दीपों की रोशनी से पूरा परिसर जगमगा उठा।कार्यक्रम का संचालन एवं आभार नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बाला प्रसाद चंद्रवंशी ने व्यक्त किया। इस अवसर पर नायाब तहसीलदार सुनीता कुमारी, सीएमओ समंदरसिंह चैहान, मंडी सचिव ओमप्रकाश त्यागी, थाना प्रभारी जितेंद्र मवई, भाजपा जिला उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर मीणा, मनोहर मंडलोई, घनश्याम गर्ग, मोती सिंह बिलहरी, कैलाश मंडलोई वकील, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. दिनेश मंडलोई, महामंत्री लखन राजपूत, मंडल उपाध्यक्ष हिरदेश चंद्रवंशी, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष रघुवीर सिंह राणावत सहित अन्य जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, कार्यकर्ता, नागरिक उपस्थित रहे।



छापी घाट पर प्रधानमंत्री का जन्म दिवस मनाया


जीरापुर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नगर परिषद द्वारा छापीबांध पर एक दीया आशीर्वाद का जलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मनाया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक हजारीलाल दांगी एवं पूर्व विधायक पुरसिंह पवांर की मौजूदगी में बांध के घाट किनारे सामुहिक आरती करके गंगा मैया से आशीर्वाद लिया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की गई। विधायक हजारीलाल दांगी एवं पूर्व विधायक पुरसिंह पवांर ने देश के विकास को गिनाया तथा कहा कि अभी तक के प्रधानमंत्री में नरेंद्र मोदी जैसा प्रधानमंत्री नहीं हुआ उन्होंने चहुंमुखी विकास किया। इस मौके पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाहा ने आभार प्रकट किया। संचालन नपाकर्मचारी कमल भावसार ने माना। पूर्व नपाध्यक्ष बलराम टांक, ईश्वर सिंह तोमर , मुकेश पुष्पद, रमेशचंद्र शर्मा,शिव मंडलोई, डा राम किरार ,विष्णु पवार , सीएमओ देवनारायण दांगी, उपयंत्री बृजेश उपाध्याय भाजपा मंडल के पदाधिकारी एवं नगर परिषद कर्मचारी उपस्थित रहे।

सेवा संकल्प अभियान, दीयों से जगमगाया कपिलेश्वर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



सेवा संकल्प अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर गुरुवार शाम नगर में विभिन्न स्थानों पर दीप प्रज्वलन कार्यक्रम आयोजित किए गए। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सुशासन की अवधारणा को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद सारंगपुर द्वारा कपिलेश्वर महादेव मंदिर के समीप कालीसिंध नदी के घाट पर 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों एवं नागरिकों ने श्रद्धा और उत्साह के साथ दीप प्रज्वलित किए तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घायु एवं यशस्वी जीवन की कामना की। इसी क्रम में कन्याशाला स्कूल, इंडस्ट्रीज क्षेत्र सहित विभिन्न कार्यालयों एवं नगर के अन्य स्थलों पर भी दीप प्रज्वलित किए गए। नगर पालिका क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में आयोजित दीपप प्रज्वलन कार्यक्रमों से शहर दीयों की रोशनी से जगमगा उठा। कपिलेश्वर घाट पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि पृथ्वीराज टेटवाल, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल, उपाध्यक्ष श्रीमती भावना निलेश वर्मा, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला तथा महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष जितेंद्र सोलंकी सहित जनप्रतिनिधि एवं नागरिक मौजूद रहे।प्रशासनिक अमले की ओर से एसडीएम जे. सोलंकी, एसडीओपी अरविंद भदौरिया, तहसीलदार कपिल शर्मा, थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी दीपक रानवे सहित नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



सांदीपनि स्कूल में जले 2000 आशीर्वाद के दीये

जीरापुर। नगर के समीपस्थ ग्राम खुमानपुरा शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 'सेवा संकल्प' अभियान के तहत 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि विधायक हजारीलाल दांगी एवं विशिष्ट अतिथि एसडीएम ज्योति राजोरे की मौजूदगी में विद्यालय परिसर में 2000 दीये जलाए गए।इस दौरान विधायक दांगी ने सेवा, राष्ट्रहित और विकसित भारत के संकल्प में सहभागिता की अपील की। एसडीएम ज्योति राजोरे ने विद्यार्थियों से स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे कार्यों में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया।कार्यक्रम के बाद विद्यालय परिसर में भगवान गणेश की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। प्राचार्य कैलाश शर्मा ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर भाजपा महामंत्री रमेशचंद्र शर्मा,विष्णु पवांर, ईश्नवर सिंह तोमर,कुशाल मण्डलोई अजय गुप्ता, बीईओ रामबाबू पाटीदार, गजेन्द्र शर्मा जनप्रतिनिधि, शिक्षा विभाग के अधिकारी, विद्यालय स्टाफ एवं में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

बेटियों को बेहतर शिक्षा, सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता: पंवार



हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

शहर के मध्य स्थित पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 1 करोड़ 29 लाख रूपये की लागत से निर्मित होने वाले 6 अतिरिक्त कक्षों एवं अन्य निर्माण कार्यों का भूमिपूजन शुक्रवार को सेवा संकल्प अभियान एवं मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग नारायण सिंह पंवार ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं कन्या पूजन के साथ हुआ। इसके पश्चात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री पंवार ने विद्यालय की छात्राओं से संवाद कर उनकी पढ़ाई, सुविधाओं एवं आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी ली।



उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर देशभर में मनाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान का मूल भाव जनसेवा और समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण से जुड़ा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सेवा और विकास के कार्यों के माध्यम से इस संकल्प को धरातल पर साकार करने का प्रयास किया जा रहा है।

किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार बेटियों की शिक्षा और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर कार्य कर रही है। विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के साथ ही निःशुल्क साइकिल वितरण, निःशुल्क गणवेश एवं पाठ्यपुस्तक जैसी विद्यार्थी हितैषी योजनाओं के माध्यम से शिक्षा को सुगम बनाने का कार्य किया जा रहा है। सरकार का प्रयास है कि आर्थिक परिस्थितियां किसी भी बेटी की शिक्षा में बाधा न बनें। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री पंवार ने कहा कि छात्राओं के अध्ययन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह विद्यालय हमारे क्षेत्र के महत्वपूर्ण विद्यालयों में से एक है। उन्होंने शिक्षकों और विद्यार्थियों से आह्वान किया कि आपसी समन्वय और निरंतर मेहनत के साथ विद्यालय को शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम की ओर ले जाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि केवल भवन और सुविधाएं ही पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि उनका उद्देश्य तभी सार्थक होगा जब विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और संस्कार प्राप्त हों। उन्होंने कहा कि सरकार का संकल्प है कि प्रदेश की प्रत्येक बेटी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर शैक्षणिक वातावरण और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हों।



जाति प्रमाण पत्र की लड़ाई में समाज के साथ हूं: सिंह

सारंगपुर। कपिलेश्वर धाम परिसर में शुक्रवार को पाल समाज के नवीन छात्रावास निर्माण का भूमिपूजन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राघौगढ़ विधायक एवं पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह ने जाति प्रमाण पत्र के मुद्दे पर समाज के साथ मजबूती से खड़े रहने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में पूर्व ऊर्जा मंत्री एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सोंधिया और सुसनेर विधायक भेरू सिंह परिहार सहित कांग्रेस नेता व बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे। इस दौरान जयवर्धन सिंह ने कहा कि पाल समाज के जाति प्रमाण पत्र बनने में आ रही दिक्कतों का समाधान कराने के लिए सड़क से लेकर विधानसभा तक लड़ाई लड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि समाज के अधिकारों की रक्षा के लिए वे हर स्तर पर साथ खड़े हैं। सिंह ने डूब प्रभावितों के मुआवजे और युवाओं के रोजगार को लेकर भी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अलग-अलग क्षेत्रों के डूब प्रभावितों को मुआवजे में अंतर किया जा रहा है। वहीं सरकारी भर्तियां नहीं होने और आउटसोर्स के माध्यम से युवाओं को रोजगार देने का मुद्दा भी उठाया। कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र राजपूत तथा आभार मोहनसिंह पाल ने माना। कार्यक्रम में पाल समाज के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर पेश की चादर



हरिभूमि न्यूज. राजगढ़। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिवस पर मुख्यालय पर कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी कड़ी में सेवा संकल्प अभियान के तहत जहां विभिन्न शासकीय दफ्तरों में दीपकों से रोशनी की गई वहीं स्थानीय हजरत बाबा बदख्यानी की दरगाह पर अकीदत व एहतराम के साथ चादर पेश की गई। यह चादर दरगाह के पूर्व सदर मोहम्मद शफीक गामा के नेतृत्व में अन्य सदस्यों द्वारा चढ़ाई गई है। चादर पोशी के दौरान मुल्क के प्रधानमंत्री श्री मोदी के उत्तम स्वास्थ्य एवं देश में अमन, चैन की दुआ मांगते हुए भाईचारे और मुल्क की तरक्की की कामना की दुआ-ए-खैर मानी गई है। इस अवसर पर पूर्व सदर श्री गामा ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश नई-नई ऊंचाईयों को छू रहा है। इस मौके पर दरगाह के खादिम एवं अकीदतमंद मौजूदरहे। कार्यक्रम के समापन उपरान्त सभी को तबर्रुक बांटा गया।

दूध संचालकों की हड़ताल 30 सितंबर तक स्थगित की

राजगढ़। दूध की फेट का रेट एवं दूध की कीमतों में बढ़ोतरी की मांग को लेकर देवनारायण दुध संचालक संघ के नेतृत्व में चली आ रही हड़ताल प्रशासनिक अधिकारियों के आश्वासन पर स्थगित कर दी गई है। संघ जिलाध्यक्ष प्रेमसिंह भाटपुरा ने बताया कि शुक्रवार को दूध संचालकों द्वारा मुख्यालय पर बाईक रैली निकाली गई एवं प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपा। इस दौरान अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मंडराह एवं डिप्टी कलेक्टर ने आश्वासन दिया कि भोपाल के उच्चाधिकारियों के साथ उनकी बैठक हुई है। इस बैठक में दूध संचालकों की मांगों पर उचित निर्णय लिया जा रहा है जिसके सकारात्मक परिणाम देखने मिलेंगे।

कलेक्टर के निरीक्षण में तहसीलदार नदारद बाबू से ली लंबित प्रकरणों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ माचलपुर

उपतहसील कार्यालय का शुक्रवार को कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विषयों के लंबित प्रकरणों की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। लेकिन निरीक्षण के दौरान प्रभारी तहसीलदार सुनील वर्मा के अनुपस्थित रहने से एक बार फिर उपतहसील में अधिकारियों की उपलब्धता को लेकर सवाल खड़े हो गए। कलेक्टर ने कार्यालय में मौजूद बाबू से लंबित प्रकरणों सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

उपतहसील से करीब 122 गांव जुड़े हैं। ऐसे में राजस्व संबंधी मामलों, प्रमाण-पत्रों और अन्य आवेदनों के निराकरण के लिए ग्रामीणों को नियमित रूप से अधिकारी की उपलब्धता की जरूरत रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि तहसीलदार के नियमित रूप से उपलब्ध नहीं रहने के कारण कई मामलों में उन्हें बार-बार कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते हैं।

तहसीलदार के अनुपस्थित रहने की मिल रही थी शिकायत

करीब दस दिन पहले भी उपतहसील कार्यालय में अधिकारी-कर्मचारी की अनुपस्थिति का मामला सामने आया था। उस समय आवेदन लेने वाला तक कोई जिम्मेदार कर्मचारी उपलब्ध नहीं था। मामले को लेकर कलेक्टर से भी बात की गई थी, तब उन्होंने एक सप्ताह में व्यवस्था सुचारू कराने की बात कही थी। इसके बावजूद शुक्रवार को कलेक्टर के निरीक्षण के दौरान ही तहसीलदार की अनुपस्थिति सामने आने से व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने फिर अधिकारी की उपलब्धता सुनिश्चित कराने की बात कही। अब सवाल यह है कि जब एक अधिकारी को एक से अधिक स्थानों का प्रभार दिया जाता है और वे नियमित रूप से कार्यालय में उपलब्ध नहीं हो पाते, तो दूरदराज के गांवों से आने वाले ग्रामीणों के लंबित प्रकरणों का समय पर निराकरण कैसे होगा?

विद्युत केबल चोरी कर ले जाते रंगे हाथों पकड़ा

ब्यावरा। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजगढ़ के.एल. बंजारे एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस ब्यावरा प्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मलावर उप निरीक्षक रजनेश सिरोठिया के नेतृत्व में थाना मलावर पुलिस द्वारा चोरी के अपराध में एक आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी का मशरूका एवं वारदात में प्रयुक्त वाहन जप्त किया गया। थाना मलावर पुलिस टीम द्वारा कानरखेड़ी जोड़ पर वाहन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान ग्राम कानरखेड़ी की तरफ से एक सफेद रंग की बोलेरो कार आती हुई दिखाई दी।पुलिस टीम द्वारा बोलेरो को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक द्वारा वाहन नहीं रोकते हुए उसे ग्राम सीलखेड़ा तरफ भगाने का प्रयास किया गया। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर बोलेरो वाहन को रोक लिया।वाहन चालक से नाम-पता पूछने पर उसने अपना नाम लियाकत पिता गफून खाँ, उम्र 40 वर्ष, निवासी वार्ड नंबर 07, ईदगाह के पास, बैरसिया, थाना बैरसिया, जिला भोपालबताया। बोलेरो वाहन से चोरी की विद्युत केबल बरामद' की गई है। पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा पहले संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। पुलिस द्वारा हिकमत अमली से पूछताछ करने पर आरोपी लियाकत ने अपने साथियों के साथ मिलकर शिवहरे वेयरहाउस के पास लगे प्लांट के बाहर रखे विद्युत तार के 04 बंडल चोरी करना स्वीकार किया तथा चोरी के स्थान की जानकारी दी।आरोपी के विरुद्ध थाना मलावर में प्रकरण कायम कर उसे गिरफ्तार किया गयातथा न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।